# भारत सरकार
# केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
## हिंदी प्रश्न पत्र-1
## (सहायक कार्यपालक अभियंताओं के लिए )
## वर्ष 2022
*****

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें :- (अंक-20)

1- ऑनलाइन शिक्षा और पारंपरिक शिक्षा के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलू ।
2- इंटरनेट के माध्यम से मनोरजंन का बढ़ता प्रभाव व दुष्प्रभाव ।
3- नये भारत की संकल्पना – चुनौतियाँ और संभावनाएं ।
4- बढ़ती संपन्नता और घटते मानवीय मूल्य ।

प्रश्न 2. एक कर्मचारी छुट्टी लेकर गांव गया । वहां से बीमारी के कारण तीन बार छुट्टियां बढ़ाई है। अपने गांव के रजिस्टर्ड वैद्य के प्रमाणपत्र भेजे हैं । सिविल सर्जन से डाक्टरी जांच करवाए जाने तथा कार्यालय में शीघ्र उपस्थित होने संबंधी कार्यालय की ओर से एक पत्र लिखा जाए । (अंक-10)

प्रश्न 3. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें जिससे उनके अर्थ स्पष्ट हो सकें । (अंक-20)

1- आकाश-पाताल एक कर देना ।
2- अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना ।
3- आसमान से बातें करना ।
4- उलटी गंगा बहाना ।
5- एक टांग पर खड़ा रहना ।
6- कागजी घोड़े दौड़ाना ।
7- कान खड़े होना ।
8- गागर में सागर भरना ।
9-चिराग तले अंधेरा होना ।
10- जान पर खेलना ।

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखें :- (अंक-10)

1- कल अधीक्षक अभियंता द्वारा कार्यालय का निरिक्षण करा जाएगा ।
2- वह कलकत्ता निरीक्षण में गए हैं ।
3- दो हवाई जहाज एक-दुसरे का पीछा कर रहे हैं ।
4- महंगी बढती रही है।
5- मुम्बई यहां पर से दूर है ।
6- कृपा मेरी फीस मंजूर करें ।
7- आज कितने असंख्या लोग दु:खी हैं ।
8- वह आज लौटकर वापस आ गया ।
9- वे परस्पर एक-दूसरे की मदद करते है ।
10- वह आज सुबह में जाएगा ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें। (अंक-5)

1- ईश्वर में विश्वास करने वाला।
2- जो कहा न जा सके।
3- जिसकी आशा नहीं की गई हो।
4- बिना वेतन का।
5- जो सब-कुछ जानता हो।

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (अंक-10)

1- अंगीकार 2- तामसिक 3- नैसर्गिक 4- परिश्रम 5- विवाद

6- स्वतन्त्रता 7-स्वीकृति 8- सुपात्र 9- सुलभ 10- सनाथ

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (अंक-5)

1- आकाश 2- आनन्द 3-दुःख 4- समुद्र 5-आँख

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाएं जिससे उनके अर्थ स्पष्ट हो सकें। (अंक-10)

1- (क) अनिल (ख) अनल
2- (क) उपकार (ख) अपकार
3- (क) दिन (ख) दीन
4- (क) प्रधान (ख) परिधान
5- (क) प्रवाह (ख)परवाह

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यांशो के हिंदी पर्याय लिखें। (अंक-10)

1- accepted for payment
2- action may be taken
3- administrative approval may be obtained
4- approved as proposed
5- as per instruction
6- case has been closed
7- copy enclosed
8- decision is awaited
9- international organization
10- for early compliance